Reg. No. :- JH-11-0004329

# अपेम लाइव न्यूज

(Art, Agriculture, Press & Education, Health Management)

(अपेम ट्रस्ट के अंतर्गत बरही से संचालित एवं प्रसारित, Reg. No. :- 2020/BAR/80/BK/01)

APEM LIVE NEWS सच का साथी

दैनिक संध्या डिजिटल अखबार | सच का साथी | दिनांक 26-02-2022 | अंक 153

Website- www.apemlive.com संपर्क सूत्र 9550809864,9934337941,8969504178 Email Id- liveapem@gmail.com

## यूक्रेन में फंसे है बरही के सागर कुमार गुप्ता एवं हरिला के नेहा कुमारी

### परिजनों ने झारखण्ड सरकार से लगाई सकुशल वापसी की गुहार

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



बरही के सागर कुमार गुप्ता



हरिला के नेहा कुमारी

रूस एव यूक्रेन के बीच हो रही युद्ध के बीच बरही के दो विद्यार्थी यूक्रेन में फंसे हैं। इनमे एक हैं बरही न्यू क०लोनी निवासी सागर कुमार गुप्ता माता सविता गुप्ता, एवं दूसरी हरिला निवासी नेहा कुमारी पिता रविन्द्र प्रसाद हैं। दोनो मेडिकल की पढ़ाई पूरी करने के लिए यूक्रेन गए हुए हैं। सागर कुमार खरकीव नेशनल मेडिकल यूनिवर्सिटी में प्रथम वर्ष के छात्र हैं।जबकि हरिला की नेहा कुमारी ज़ामकेवा मेडिकल यूनिवर्सिटी की छात्रा है। दोनो के परिजन चिंतित हैं। स्थानीय प्रशासन से को सारी डेटा उपलब्ध कराते हुए झारखण्ड सरकार से सकुशल वापसी की गुहार लगाई है। सागर की माता साबिता गुप्ता ने बताया कि तीन माह पहले ही उन्हें मेडिकल पढ़ाई के लिए यूक्रेन भेजा था। यूक्रेन रूस के बीच के युद्ध से वहां की हालत खराब हो रही है। वे लोग होस्टल एवं क०लेज में बने बंकर में छिप कर जान बचाए हुए हैं। इधर बरही सीओ अरविंद देवाशीष टोप्पो ने आम जनता से अपील की है कि यदि बरही प्रखंड के कोई छात्र यूक्रेन में फंसे हैं तो उन्हें डिटेल उपलब्ध कराए। ताकि उनके सकुशल वापसी के लिए सरकार को सूचित किया जा सके।

## विधायक उमाशंकर अकेला ने कोरियाडीह में 2 करोड़ 37 लाख के लागत से तालाब गहरीकरण एवं सुंदरीकरण का किया शिलान्यास



**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**

बरही प्रखंड अंतर्गत कोरियाडीह में स्थित चेंगडवा तालाब का सुंदरीकरण एवं गहरीकरण के लिए बरही विधायक ने 2 करोड़ 37 लाख का शिलान्यास किया। वहीं लोगो को संबोधित करते हुए श्री अकेला ने कहा कि तालाब का गहरीकरण होने से आस पास के क्षेत्र में पानी का कमी दूर होगा। साथ ही खेती के लिए बहुत उपयोगी होगा । मौके पर बरही एसडीपीओ नजीर अख्तर, बरही विधानसभा विधायक प्रतिनिधि बिनोद यादव, कांग्रेस जिला महासचिव अब्दुल मन्नान वारसी, जिला उपाध्यक्ष ड० निजामुद्दीन अंसारी, प्रखंड अध्यक्ष इकबाल रजा, बरही विधानसभा युवा कांग्रेस अध्यक्ष मनोहर यादव, गाजो यादव, छठू यादव, बासुदेव यादव, अमित जायसवाल, कुणाल कतरियार, महेश यादव, राजू राणा, सिकंदर कुशवाहा, कृष्णा कुमार, सराफत अली, हुमायूं, असरफ अली, सहायक अभियंता सुनील कुमार, जेइ बिनोद कुमार एवं संवेदक कुमार कुमार मौजूद थे।

## 6 मार्च को आयोजित वार्षिक कार्यक्रम में 40 कोरोना योद्धाओं को किया जाएगा सम्मानित

### स्वामी विवेकानंद पुस्तकालय ट्रस्ट की बैठक में बनी कार्यक्रम की रूप रेखा

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**




बैठक में शामिल पुस्तकालय से जुड़े लोग

स्वामी विवेकानंद पुस्तकालय ट्रस्ट की बैठक स्वामी विवेकानंद पुस्तकालय प्रखंड परिसर में हुई। जिसमें बरही क्षेत्र के गणमान्य शिक्षाविद एवं प्रबुद्धजन शामिल हुए। बैठक की अध्यक्षता उपाध्यक्ष महेंद्र प्रसाद दुबे एवं संचालन सचिव कृष्णा प्रजापति ने किया। बैठक में पुस्तकालय के विकास, पुस्तको की संख्या बढ़ाने, पुस्तकालय की सदस्यों की संख्या बढ़ाने के साथ साथ आगामी छह मार्च को आयोजित वार्षिकोत्सव को लेकर चर्चा की गई। निर्णय लिया गया कि वार्षिक कार्यक्रम में गीत गायन, नृत्य एवं जीवन मे पुस्तकालय के महत्व पर स्पीच प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। इस आयोजन में बेहतर प्रदर्शन करने वाले सर्वश्रेष्ठ प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया जाएगा। वही कोरोना काल मे जान जोखिम में डाल कर बरही के लोगों के लिए सुरक्षा कवच बनाने वाले डॉक्टर्स, एएनएम, स्वस्थ्यकर्मी, सामाजिक संगठ्न के कार्यकर्ता को प्रशस्ति पत्र के साथ स्वागत एवं सम्मानित किया जाएगा। मौके पर 10 विद्यालयों के बच्चो ने प्रतियोगिता में भाग लेने की सहमति दी। मौके पर कार्यकारी अध्यक्ष संजय बर्णवाल, महेंद्र दुबे, रमेश ठाकुर, रविकांत ओम, राजेश कुमार यादव, सुरेंद्र रजक, डॉ सुनील कुमार यादव, हिमांशु कुमार, अयोध्या प्रजापति, रीतेश कुमार गुप्ता, देवधारी प्रजा. पति, कुंदन कुमार शर्मा, साधुशरण दास, शमशेर आलम, सुधीर चन्द्र, रोहित कुमार सिंह, दिनेश यादव, मोहित कुमार सिन्हा,कार्यालय प्रभारी राज आर्यन उर्फ छोटी, प्रख्यात कुमार, संजय दुबे, आलोक कुमार, मनोज घोष, राजेन्द्र प्रसाद केशरी, शम्भू माली आदि लोग मौजूद थे।

## चिटफंड के आरोप में वेलफेयर एजेंट मुंशी साव गिरफ्तार

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



बरही प्रखंड अंतर्गत बरहीडीह निवासी मुंशी साव को बरही पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। जानक. ारी के अनुसार मुंशी साव वेलफेयर प्राइवेट कम्पनी में एजेंट के तौर कार्य कर रहा था। जिसमे सैकड़ों लोगो से वेलफेयर पैसा लेकर इसमें जमा किया था। समय पूरा होने पर जब लोगो ने पैसा मांगा तो उन्होंने टाल मटोल करना शुरू कर दिया। जिससे कुछ लोग ने पिछले वर्ष जुलाई में मुंशी साव को गिरफ्तारी को लेकर बरही थाना में आवेदन दिया था।

## शिक्षा विभाग की समिक्षा बैठक का आयोजन



**अपेम लाइव : चलकुशा**
**विकम सिंह**

चलकुशा : प्रखंड मुख्यालय सभागार में शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक प्रखंड विकास पदाधिकारी समरेश प्रसाद भंडारी के अध्यक्षता में हुई।बैठक में प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी अशोक कुमार पाल शामिल हुए। बैठक में मुख्य रूप से पल्स पोलियो डालसा, स्वास्थ्य एवं शिक्षा से संबंधित चर्चा किया गया। जिसमें विद्यालय में बेहतर शिक्षा, खराब हुए चापाकल की मरम्मती,शौचालय को स्वच्छ एवं माध्यम भोजन, बच्चों की बैठने की सुविधा को बेहतर करने पर चर्चा किया गया।मौके पर सांसद प्रतिनिधि सुबोध चौधरी प्रमुख प्रतिनिधि केदार यादव उपप्रमुख दुर्गा यादव जेएमएम प्रखंड अध्यक्ष सलीम अंसारी मुखिया संघ के अध्यक्ष भुनेश्वर दास, मुखिया सुभाष ठाकुर, मुखिया प्रतिनिधि लखन साव,अजित सिंह शिक्षक संतोष चौधरी, मो. नौशाद, तालेश्वर पंडित, नारायण ठाकुर,मो.मन्नान, कामेश्वर यादव, संतोष कुमार,अजय कसेरा एवं काफी संख्या में शिक्षक उपस्थित थे।

## संजीवनी अकादमी में सोशल साइंन्स प्रोजेक्ट का प्रदर्शिनी, बच्चों ने किया बेहतर प्रदर्शन

**अपेम लाइव चंदवारा**
**धीरज कुमार**



प्रखण्ड के फोरलेन नंदनगर रोड स्थित संजीवनी अकादमी में सोशल साइंन्स का प्रोजेक्ट का प्रदर्शिनी लगाया गया। जिसमें उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र छात्राओं को विद्यालय के निदेशक संजीव कुमार ने शुभकामनायें व बधाई देते हुए कहा की संजीवनी अकादमी विद्यालय प्रबंधन बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए कटिबद्ध है। उन्होंने कहा कि अपने स्थापना काल से ही संस्थान बच्चों को बेहतर शिक्षा प्रदान करते आ रही है। उन्होंने कहा कि ल०कड०न के वजह से बच्चों के पढ़ाई पर असर पड़ा है, जिसकी भरपाई करना अभी विद्यालय के शिक्षकों के लिए चुनौती है। जिसे सभी शिक्षक मिलकर शतप्रतिशत अपना बेहतर कार्य कुशलता से पूरा करेंगे। प्रोजेक्ट में बेहतर प्रदर्शन करने वालों में छात्र पियूष, कौशल, आर्यन एवं छात्रा लकी, परी, स्वयं प्रभा, विद्या एवं शैल्य कश्यप का नाम शामिल है। मौके पर उपप्राचार्य विजय पाण्डेय, शिक्षिका करिश्मा कुमारी, सुषमा रंजन, निशा मोदी, पिंकी सोनी आदि ने प्रोजेक्ट का मूल्यांकन किया।

APEM LIVE

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजीटल न्यूजपेपर

## चौपारण में भाजपा ओबीसी मोर्चा मंडल कार्यसमिति की बैठक संपन्न

### भाजपा कि विचारधारा को जन जन तक पहुँचाना है : अमरदीप यादव

**अपेम लाइव : चौपारण**
**किशोर राणा**




भाजपा ओबीसी मोर्चा मंडल कार्यसमिति की बैठक शनिवार को संपन्न हुवा। अध्यक्षता मोर्चा मंडल अध्यक्ष राजकुमार यादव व संचालन भाजपा मंडल अध्यक्ष मुकेश सिन्हा ने किया। बतौर मुख्य अतिथि मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष अमरदीप यादव, विशिष्ट अतिथि मोर्चा के छोटानगपुए प्रमंडल प्रभारी किशुन यादव कर रूप में सम्मिलित हुए। बैठक को संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष ने मोर्चा के पदा. धिकारियों में उत्साह भरते हुए कहा कि भाजपा के विचारधारा को जनजन तक पहुँचाना। कहा आदरणीय मोदी जी के शासन में देश प्रगति के पथ पर अग्रसर है। ओबीसी मोर्चा मंडल विस्तार कर पार्टी को मजबूती प्रदान करना है। उन्होंने कहा कि अधिक से अधिक लोग पार्टी के ने. ताओं से प्रभावित होकर जुड़ रहे हैं। वही सांसद प्रतिनिधि मुकुंद साहू ने कहा कि भाजपा आज बड़ी राजनीतिक पार्टी के साथ–साथ एक विचारधारा है उन्होंने आह्वान करते हुए कहा कि भाजपा ओबीसी मोर्चा में बड़ी संख्या में लोग साथ आएं। इससे पहले कार्यक्रम की शुरुआत अतिथियों को माल्यार्पण एवं बुके देकर स्वागत किया गया।बैठक में भाजपा जिला उपाध्यक्ष राजेश सहाय, भाजपा मंडल उपाध्यक्ष मनीष सिन्हा, बलराम दांगी, किसान मोर्चा अध्यक्ष देवकुमार दांगी, युवा मोर्चा अध्यक्ष आशीष कुमार गुप्ता पंचायत सांसद प्रति. निधि रंजीत पांडे,लक्ष्मण साव, मिथुन दांगी, रामसेवक राणा, उत्तम गंजू,बृजनंदन प्रसाद सिंह, सहित कई लोग शामिल थे।

## दो माह बाद हेठली बोदरा गांव हुआ रोशनी से जगमग

**अपेम लाइवः विष्णुगढ**
**मिथलेश गोल्डी**


ट्रांसफार्मर का उद्घाटन करते बगोदर विधायक प्रतिनिधि शेख तैयब समेत अन्य

प्रखंड के अलपीटो पंचायत अंतर्गत हेठली बोदरा गांव दो माह बाद बिजली की रोशनी से जगमग हुआ। गांव का ट्रांसफार्मर खराब हो जाने के कारण करीब दो माह से गांव के लोग अंधेरे में रहने को मजबूर थे। शाम होते हीं लोग घरों में दुबक जाते थे। पूरे गांव में सन्नाटा पसर जाता था। समस्या को देखते हुए ग्रामीणों ने विद्युत विभाग के कर्मियों के अलावा जनप्रतिनिधियों को भी जानकारी देकर समाधान करने की मांग रखी। किसी ने इस पर ध्यान नहीं दिया। अंततः ग्रामीणों ने बगोदर विधायक प्रतिनिधि शेख तैयब को इस पहल करने करने की मांग रखी। उन्होंने मामले को त्वरित संज्ञान में लेते हुए जिले के वरीय अधिकारियों से संपर्क कर नया ट्रांसफार्मर उपलब्ध कराने का आग्रह किया। जिसके बाद पूर्व में स्थापित 25 केवीए के ट्रांसफार्मर के स्थान पर 63 केवीए के ट्रांसफार्मर उपलब्ध कराया गया। शनिवार को विधायक प्रतिनिधि शेख तैयब ने फीता काटकर ट्रांसफार्मर का उद्घाटन किया। नया ट्रांसफार्मर उपलब्ध कराने के लिए ग्रामीणों ने हर्ष जताते हुए विधायक प्रति. निधि को धन्यवाद किया। मौके पर भाकपा माले प्रखंड सचिव जानकी शर्मा, घनश्याम पाठक, भोला प्रसाद सिंह, उमेश यादव, अशोक यादव, पप्पू सिंह, भोला यादव, हरि यादव, जगदीश यादव, रुपलाल यादव, सेवा यादव, मेघन यादव, नरेश यादव, मोहन यादव समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

## जिला स्तरीय परामर्श समिति कार्यशाला में शिक्षको ने नई शिक्षा नीति पर दिया सुझाव

### राज्यभर के चयनित शिक्षकों द्वारा दिए बेहतर सुझाओ को विभागीय पोर्टल पर डाला जाएगा : जनार्दन वर्मा

**अपेम लाइव : चौपारण**
**किशोर राणा**



राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 को लागू करने क्रम में नेशनल करिकुलम फ्रेमवर्क का निर्माण के लिए सुझाव आमंत्रित किए गए हैं स जिसके तहत शिक्षा विभाग द्वारा सुझाव देने के लिए जिला स्तरीय परामर्श समिति का गठन किया गया है स समिति की पहली कार्यशाला समाहरणालय भवन हजारीबाग में आयोजित की गई स नई शिक्षा नीति के आधार पर नेशनल करिकुलम फ्रेमवर्क के तहत चार विषयों पर चर्चा की गई स जिसमें पूर्व प्रा. थमिक शिक्षा, स्कूली शिक्षा , वयस्क शिक्षा एवं शिक्षक प्रशिक्षण संबंधी विषयों पर कार्यशाला से उभरे सुझावों को जेसीईआरटी के माध्यम से पोर्टल पर लोड किया जाएगा स कार्यशाला में मुख्य रूप से सुझावों पर समूहवार चर्चा कर प्रस्तुति की गई स जिला स्तरीय परामर्श समिति में कुछ चयनित शिक्षकों, डायट के प्राचार्य, शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय के व्याख्याता, प्रशिक्षु छात्र, आंगनबाड़ी कर्मी एवं विद्यालय प्रबंधन समिति के कुछ अध्यक्षों को नामित किया गया है स आज की कार्यशाला में मो0 रियाजुद्दीन खां, जनार्दन प्रसाद वर्मा, राकेश रंजन, उमेश कुमार,अख्तरी खातून, डo पंकज कुमार , अंजू बाला गुप्ता, किसलय कु0 सिन्हा, जयप्रकाश वर्मा, डo0 प्रवीण कु0 शर्मा,सनोवर, ऋषिकेश कुमार व अन्य शामिल हुए

## ट्रैक पार करने के दौरान ट्रेन के धक्के से विष्णुगढ़ के मजदूर की मौत

**अपेम लाइवः विष्णुगढ**
**मिथलेश गोल्डी**



गिरिडीह जिले के पारसनाथ रेलवे स्टेशन पर शुक्रवार की देर रात रेलवे ट्रैक पार करने के दौरान ट्रेन के धक्के से विष्णुगढ़ के मजदूर की मौत हो गई। मृतक मजदूर गिरिश प्रजा. पति (30) पिता दिनेश्वर प्रजापति विष्णुगढ़ प्रखंड के सिरैय गांव का रहने वाला था। रेलवे पुलिस ने घटनास्थल से शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए गोमो भेज दिया। शनिवार को मजदूर का शव पैतृक गांव पहुंचा। स्थानीय मुक्तिधाम में शव का अंतिम संस्कार कर दिया गया। उसके घर की आर्थिक स्थिति भी अत्यंत दयनीय है। बताया जाता है कि आर्थिक तंगी को देखते हुए मजदूर गिरिश प्रजापति मजदूरी कर कुछ पैसे कमाने को लेकर उड़ीसा जाने के लिए अपने साथियों के साथ पारसनाथ स्टेशन निकला था। ट्रेन के लिए पारसनाथ स्टेशन से हीं उसका टिकट बुक था। रेलवे स्टेशन पहुंचकर वह मोबाइल से बात करते हुए एक प्लेटफार्म से दूसरे प्लेटफार्म की ओर ट्रैक होते हुए पार कर रहा था। इसी दौरान अचानक ट्रेन के आ जाने से वह चपेट में आ गया और घटनास्थल पर हीं उसकी मौत हो गई। इधर, मौत की सूचना मिलते हीं परिजनों का रो–रोकर बुरा हाल हो गया। गांव से उपप्रमुख सुशील कुमार मंडल समेत कई लोग उनका शव लाने के लिए पारसनाथ गए। मृतक मजदूर के तीन छोटे–छोटे बच्चे हैं। पत्नी और बच्चों का विलाप सुनकर लोगों की आंखे नम हो गई। मृतक मिलनसार स्वभाव का व्यक्ति था।

## रुद्र महायज्ञ को ले भव्य कलशयात्रा का आयोजन शामिल हुए : विधायक



**अपेम लाइव : बरकट्ठा**
**सुनिल कुमार**



बरकट्ठा : प्रखंड के ग्राम बरकट्ठा में शिव मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के निमित आयोजित रुद्र महायज्ञ को लेकर भव्य कलश यात्रा का आयोजन किया गया स्थानीय ग्रामीणों के सौजन्य से निकाली गई कलश यात्रा से पहले यज्ञ मंडप का उद्घाटन महामंडलेश्वर श्री सीतारामजी महाराज ने किया मौके पर विधायक अमित कुमार यादव उप. स्थित थे ज्ञात हो शिव मंदिर निर्माणकर्ता जागेश्वर यादव के अथक प्रयास से सिमरा नदी के किनारे भगवान शिव पञ्च परिवार की प्राण प्रतिष्ठा के लिए यह कलश यात्रा आयोजित की गई थी यात्रा में बतौर मुख्य अतिथि विधायक अमित कुमार यादव समेत अन्य अतिथियों ने यज्ञ आयोजक जागेश्वर यादव व मंजू देवी की उपस्थिति में पीले वस्त्रों में सजी धजी देवी स्वरुपा माताओं बहनों को सभी देवी देवताओं का आह्वान कर कलश देकर यज्ञ मंडप से जल याचमन के लिए विदा किए ततपश्चात बरकट्ठा नयाडीह, बिचटोला, तेलीटोला, डाकडीह, बरकट्ठा चट्टी, परबत्ता होते हुए जल लेने के लिए उत्तरवाहिनी नदी पतालसुर पहुचे जहां यज्ञाचार्य शास्त्री जी की अगुवाई में तमाम देवी देवताओं का आह्वान कर अपने अपने कलश में जल भर कर वापस भ्रमण करते हुए पुनः सिमरा नदी स्थित मंदिर परिसर स्थित यज्ञमण्डप पहुचे मौके पर मुख्य अतिथि अमित कुमार यादव ने कहा भग. वान शंकर सबो की परेशानी हर लेगे । रुद्र महायज्ञ 26 फरवरी से 2 मार्च तक संचालित रहेगी महाभण्डारे के बाद यज्ञ की पूर्णाहुति होगी आयोजन के लिए कोडरमा के यज्ञाचार्य सन्त श्री शास्त्री जी महाराज के अगुवाई में महायज्ञ सम्पन होगा वही कथावाचक के रूप में अयोध्या के प्रसिद्ध विनयनन्द जी महाराज को आमंत्रित किया गया है । यात्रा पूरे गाजे बाजे के साथ सैकड़ो हनुमान पताका भी यात्रा की मुख्य आकर्षण था सैकड़ों श्रद्धालुओं के साथ कलशयात्रा के दौरान मुख्य अतिथि विधायक अमित कुमार यादव, पूर्व विधायक जानकी प्रसाद यादव, जीप सदस्य कुमकुम देवी, सांसद प्रतिनिधि केदार साव, मुखिया बसन्त साव, मुखिया मुंशी पासवान, पंसस निर्मला देवी, अशोक गुप्ता, उमेंश यादव, उपमुखिया शिवशंकर यादव, यज्ञ आयोजक जागेश्वर यादव, भोला यादव, राजकुमार यादव, मनोज दास, अशोक कुमार दास, श्रवण कुमार, संजय कुमार, विजय यादव, रामखेलावन यादव, सहदेव यादव, अर्जुन राणा,बिहारी यादव, चन्दन गुप्ता, महेश राम शम्भू साव,दिलीप यादव,महेश्वर प्रसाद, राहुल गुप्ता, अनूप गुप्ता,रामेश्वर महतो, युगेश सिंह समेत बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल थे।

APEM LIVE

# RAINBOW SCHOOL BARHI

Shivpur (Gadlahi), Barhi, Hazaribag

Contact Number- 8210966457,8863095445

UID NO. 20040117202

(A Better Educated Generation, A Better Future For Our Nation)


**ADMISSION OPEN NOW**




Built a Bright Future for Your Child. Give Your Child Education of Heart & Soul

## SALIENT FEATURES

- C.B.S.E. Pattern based Education (Upto Xth Class)
- Eco Friendly Environment
- Admission through Entrance Exam
- Highly Experienced & Qualified Teachers and Staff
- Beautifully Aesthetically Designed Campus
- Stress Free & Pollution Free Environment
- Smart Classes, Computer Lab
- Project Based learning Music and Dance room
- Indoor & Outdoor Games and Sports Facilities
- Counselling Programs For Students & Parents
- Preparation & Remedial classes for Extra Support
- Whole Campus under CCTV Surveillance
- Transport Facility available
- School offers scholarship to meritious students
- R.O. Purified water facility
- Well Stocked Library
- Separate Common room (Toilet) Facilities for Boys & Girls
- Sufficient & Airy Classrooms
- Remedial Classes for Co-Curricular Activities
- Well Organised Programs on 26th Jan & 15th Aug.
- Celebration of "Saraswati Puja" with great Enthusiam
- Regular Organised Exams Periodically
- Facilated with Medical Kit, Sports Goods & P.T. Drum









इस प्रकार की शिक्षा प्रणाली का विकास करना हैं, जिसके द्वारा ऐसी युवा पीढ़ी का निर्माण हो सके जो राष्ट्रभक्ति से ओत–प्रोत हो, शारीरिक, प्राणिक, मानसिक, बौद्धिक दृष्टि से पूर्ण विकसित हो तथा जो जीवन की चुनौतियों का सामना सफलतापूर्वक कर सके, उसका जीवन अन्य लोगों को शोषण एवं अन्याय से मुक्त कराकर राष्ट्र जीवन को समरस, सुसंपन्न एवं सुसंस्कृत बनाने के लिए समर्पित हो।

——— डायरेक्टर (सिकंदर प्र0 कुशवाहा) की कलम से



वादा नहीं विकास करेंगे...

जन-जन का सम्मान करेंगे...

बरही पश्चिमी से

पंचायत समिति प्रत्याशी पद हेतु

युवा, कर्मठ, जुझारू एवं ईमानदार

उम्मीदवार

# कपिल प्रसाद केशरी

को अपना बहुमूल्य

मतदान देकर भारी मतों से

विजयी बनाएं...!

सोच हमारी

विकास आपका



कपिल प्रसाद केशरी भावी पंचायत समिति प्रत्याशी, बरही पश्चिमी

# विक्रम बाइक रिपेयरिंग सेंटर

THE MECHANICS

प्रो0 – विक्रम कुमार

हमारे यहां सभी प्रकार का बाइक रिपेयर किया जाता है।



TVS, Hero, BAJAJ, HONDA, YAMAHA, SUZUKI, Lifelong, ROYAL ENFIELD, PIAGGIO, Mahindra 2 Wheelers

पता : कोइली मोड़, रसोइया धमना | संपर्क सूत्र :– 6200723851

प्रो0 शिव कुमार 9162759200

# शिव ऑप्टिकल हाऊस



कम्प्यूटर मशीन द्वारा आंखो का जांच

हमारे यहां कम्प्यूटर मशीन द्वारा आंखो को जांच कर चश्मा बनाया जाता है।



धनवाद रोड, बरही, पेट्रोल पम्प के सामने (जामा मस्जिद के सामने)

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजीटल न्यूजपेपर

## अभाविप ने शैक्षणिक समस्याओं को लेकर अन्नादा महाविद्यालय के प्राचार्य को सौंपा ज्ञापन'

**अपेम लाइव : हजारीबाग**
**अमरजीत सिंह**



अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद आनंदा महाविद्यालय इकाई के द्वारा क०लेज में विभिन्न प्रकार के समस्याओं को लेकर महाविद्यालय के प्राचार्य नीलमणि मुखर्जी से वार्ता कर ज्ञापन सौंपा गया जो निम्न प्रकार है–
1. लाइब्रेरी में छात्र–छात्राएं बैठने की व्यवस्था की जाय।
2.क०लेज की सभी सूचनाएं 24 घंटे पहले नोटिस बोर्ड पर चिपकाया जाय। 3. काउंटर सिस्टम को दुरुस्त किया जाय।
4.शौचालय साफ सुथरा नहीं रहता है जिससे छात्र एवं छात्राओं को काफी गंदगी का सामना करना पड़ता है, जिसे साफ किया जाय। 5.पार्किंग से साइकिल चोरी होता है क्योंकि सीसीटीवी कैमरा नहीं लगा हुआ है, उसे जल्द लगाया जाय। 6. क०लेज कैंपस में स्वामी विवेकानंद जी का प्रतिमा लगाया जाय।
7.ठवले क०मन रूम बहुत दिनों से बंद है, जिसे जल्द खोला जाय, साथ ही ठवले कॉमन रूम में स्पोर्ट्स की व्यवस्था को दुरुस्त किया जाए। 8.महाविद्यालय कैंपस को नियमित रूप से साफ सफाई किया जाय। 9. महाविद्यालय में कैंटीन बहुत ही दिन से बंद है, जिसे जल्द खोला जाय। 10. महाविद्यालय के मेन गेट में महाविद्यालय का नाम का कुछ शब्द टूट गया है जिसे जल्द से सही किया जाय।

इन सारी मांगो को लेकर विद्यार्थी परिषद आनंदा महाविद्यालय इकाई के द्वारा सभी समस्याओं का प्राचार्य से 15 दिन के अंदर निवारण की मांग किया गया, नहीं तो अभाविप आनंदा महाविद्यालय इकाई के द्वारा उग्र आंदोलन को बाध्य होगी, जिसकी सारी जिम्मेवारी क०लेज प्रशासन की होगी। मौके पर उपस्थित जिला संयोजक–दीपक देव. राज, जिला सह संयोजक–सोनू राय, नगर मंत्री–मनदीप यादव, प्रदेश जनजातीय छात्र कार्य सह प्रमुख–मिलन मुंडा, आनंदा महाविद्यालय इकाई अध्यक्ष–आदित्य यादव, अभिमन्यु कुमार, अंजन कुमार, खुशी यादव, साक्षी सिन्हा, प्रेरणा राणा, नंदनी कुमारी, स्तुति, मोहित यादव, राहुल यादव, संकेत कुमार, प्रियांशु भूषण, सूरज मेहता, विकास कुमार, साहिल सिंह, विशु नायक, पवन मेहता,विकाश यादव, संदीप, राज मेहता,विवेक यादव, रौनक सिंह, सिंनू कुमार, अरुण कुमार मौजूद थे

## गांधी चौक के काली मंडा में सवा लाख पार्थिव शिवलिंग का निर्माण व पुजन

**अपेम लाइव :गिरीडी**
**प्रमोद कुमार गुप्ता**



गांधी चौक स्थित छोटकी काली मंडा के प्रांगण में सवा लाख पार्थिव शिव. लिंग का निर्माण व पूजन सांगोपांग कामना लिंग के रूप में किया जा रहा है।मंदिर के पुजारी सतीश मिश्रा ने बताया कि यज्ञेश पार्वती पति शिव की उपा. सना के साथ–साथ सर्प दोष निवारणार्थ दूर करने का सौभाग्य इस पूजा से प्राप्त होता है।यह पूजा प्रदोष पूजन से प्रारंभ होकर महाशिवरात्रि पर भंडारा के साथ सम्पन्न होगा।भगवान आशुतोष जो सभी कामनाओं को पूर्ण करने वाले हैं उनकी प्रसन्नता हेतु यह यज्ञ आयोजित है।नित्य भजन–कीर्तन,दीपदान एवं भग. वती अन्नपूर्णा की असीम अनुकंपा से यह अपने चरम पर है।भगवान ईशान ही देवाधिदेव हैं जिन्होंने विष्णु पर कृपा कर तपस्या के फलस्वरूप सुदर्शन चक्र और धनुष बाण प्रदान कर राम और कृष्ण अवतार को सनातन धर्म में अंगीकार किया।महादेव जग के पापों के संहार करने वाले त्रिशूल प्रतीक दैहिक,दैविक और भौतिक दुःखों के निवारण हेतु धारण करने वाले समस्त जनमानस का कल्याण करें ऐसी प्रार्थना है।

## सीओ ने मुखिया समेत 15 लोगो पर किया मुकदमा

**अपेम लाइव : बरकट्ठा**
**सुनिल कुमार**



बरकट्ठा थाना क्षेत्र के ग्राम बरकट्ठा अंतर्गत एनएच2 फ्लाईओवर निर्माण कार्य को बाधित करने को लेकर सीओ श्रीकांतलाल मांझी ने बरकट्ठा उतरी मुखिया बसन्त साव समेत 15 नामजद लोगो पर मुक. दमा किया सीओ द्वारा दिये गए आवेदन के अनुसार प्रभावित रैयतों ने मुआवजा की मांग को लेकर फ्लाईओवर पीलर नम्बर 8 व 7 पर निर्माण कार्य को रोक दिया साथ ही इस दौरान मुखिया बसन्त साव व अन्य रैयतों ने मेरे व अंचल कर्मियों के साथ गाली गलौज व धक्का मुक्की की साथ ही अंचल कार्यालय में तैनात चौ. कीदार राहुल पासवान के साथ मारपीट कर मोबाइल छीन लिया इस मामले को लेकर बरकट्ठा थाना में कांड संख्या 43/22 के तहत बरकट्ठा उतरी मुखिया बसन्त साव 14 नामजद समेत 20–25 अज्ञात लोगों के विरुद्ध विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज किया गया है इस बाबत बरकट्ठा सीओ श्रीकांतलाल मांझी ने कहा हम सभी निर्माण कार्य करवाने गए थे तभी रैयतों ने विरोध करके गाली गलौज व चौकीदार राहुल पासवान के साथ मारपीट व मोबाइल छीन लिया जो सरासर गलत है । मुक. दमा वापस करने की मांग को ले रैयत थाना पहुचे बरकट्ठा थाना क्षेत्र के बरकट्ठा फ्लाईओवर निर्माण कार्य को बाधित करने को लेकर बरकट्ठा सीओ श्रीकांतलाल मांझी के द्वारा मुखिया बसन्त साव व अन्य 15 रैयतों पर हुए मुकदमा को वापिस करने की मांग को लेकर पूर्व विधायक जानकी यादव के नेतृत्व में दर्जनों लोग हाथों में सीओ के विरोध में तख्ती लिए बरकट्ठा थाना आये पूर्व विधायक व ग्रामीणों ने सीओ द्वारा किये गए मुकदमे को झूठा करार दिया गया व कहा कि उचित जांच हो रैयतों ने कहा हम सब मुआवजा की मांग को लेकर पिलर नम्बर 7 व 8 का निर्माण कार्य रोके थे थाना प्रभारी विक्रम कुमार ने रैयतों के द्वारा सीओ के विरुद्ध सौपे गए आवेदन को लेकर जुलूस को वापस भेजा मौके पर मुखिया बसन्त साव सांसद प्रतिनिधि केदार साव, जीप सदस्य कुमकुम देवी, मो इम्तियाज भारती, मो आबिद खान, शेरा खातुन, अरुण कुमार मोदी, महेश मंडल, सुरेश राम, जिबलाल साव समेत दर्जनों की संख्या में ग्रामीण रैयत उपस्थित थे ।

## प्रेमी जोड़े की हत्या या आत्महत्या गुत्थी अनसुलझी पहेली बनी

**अपेम लाइव :गिरीडीह**
**बजरंगी महतो**



विगत गुरुवार को मोतीलेदा कचरा फैक्ट्री के पास मो. हनपुर मौजा के जंगल में नाला किनारे जामुन के पेड़ पर एक ही दुप्पटा से लटकी हुई प्रेमी जोड़े की लाश बेंगाबाद पुलिस ने बरामद की थी। घटना अनसुलझी पहेली बनी हुई है। बेंगाबाद पुलिस घटना के संदर्भ में जुड़ी प्रत्येक बिंदुओं पर जांच कर रही है। मगर आज तक कोई सुराग हाथ नहीं लगा है। प्रेमी जोड़े ने आत्महत्या की थी या किसी ने हत्या कर आत्महत्या का रूप देने का साजिश रची है अब तक अनसुलझी पहेली बनी हुई है। उक्त सनसनी खेज घटना में प्रेमी जोड़े ने अपने परिवार के विरोध को देखते हुए फांसी लगाकर जान दे दी या फिर किसी ने बड़े सा. जिश के तहत प्रेमी जोड़े की हत्या कर आत्महत्या का रूप देने की कोशिश की। बीते गुरुवार को सूचना पाकर घटना स्थल पर पहुंची बेंगाबाद पुलिस एसडीपीओ अनिल कुमार सिंह और प्रशिक्षु आईएएस सह सीओ प्रभारी पियूष सिन्हा ने पेड़ पर झूलते हुए एक ही दुप्पटे से प्रेमी जोड़े की लाश को कब्जे में लेकर अंत्यपरीक्षण के लिए सदर अस्पताल गिरिडीह भेजा था। प्रेमी के पास से ब्लूटूथ हेडफोन और कुछ नकद रुपए के साथ खजूर पेड़ पर चढ़ने में प्रयोग किए जाने वाली रस्सी एक रुमाल बरामद की थी मगर मोबाइल गायब था जिसे आस पास खोजा गया लेकिन कुछ पाता नही चल पाया। प्रेमिका के पिता के आवेदन पर विगत बुधवार को ही प्रेमी के खिलाफ़ अपहरण मामले को लेकर बेंगाबाद थाना कांड संख्या 05/22दर्ज है मगर प्रेमी जोड़े की लाश मिलने पर घटना ने नाटकीय मोड़ ले लिया। प्रेमी जोड़े ने आत्महत्या की है या उसकी हत्या कर मामले को आत्महत्या का रूप देने की किसी ने साजिश रची है अब तक स्पष्ट नही हो पाया है। सबसे बड़ा सवाल खड़ा होता है कि प्रेमी जोड़े के शारीरिक वजन में बहुत अधिक अंतर होने के बाबजूद लाश बराबर में लटका हुआ था। दूसरी तरफ अगर किसी ने प्रेमी जोड़े की हत्या की है तो इसमें कई अन्य लोग शामिल होने की प्रबल संभावना है क्योंकि दोनो को उक्त स्थिति में कोई भी अकेले इस तरह लाश को दुप्पटे में बांध कर आत्महत्या का रूप नही दे सकता है। पिछले कुछ सालों से पूरे जिले में मोतीलेदा में तरह तरह की अप्रत्याशित और चौकाने वाली घटनाएं घटने के कारण सुर्खियों मे रहा है।



आस पास के लोग घटना को लेकर चुप्पी साधे हुए हैं। प्रेमी जोड़े के परिवार वाले भी सहमे हुए हैं और कुछ भी बताने से गुरेज कर रहे हैं बेंगाबाद थाना प्रभारी प्रदीप कुमार ने बताया कि घटना की जांच पड़ताल चल रही है बहुत जल्द ही घटना का असलियत उजागर हो जायेगी। पुलिस हरेक बिंदुओं को ध्यान में रखते हुए जांच पड़ताल कर रही है। मोतीलेदा पंचायत के ग्राम प्रधान (मुखिया)रामकुमार वर्मा, पंचायत समिति सदस्य प्रतिनिधि रीतलाल प्रसाद वर्मा समाजसेवी सह पूर्व उप मुखिया दिनेश कुमार, समा. जसेवी सह भावी मुखिया प्रत्याशी पवन कुमार वर्मा ने घटना की उच्चस्तरीय जांच की मांग जिला प्रशासन और झारखन्ड सरकार से की है।




APEM LIVE

## ओलावृष्टि से फसल बर्बाद मुआवजे की आस में किसान

**अपेम लाइव : गिरहीडीह**
**बजरंगी महतो**



गिरिडीह सदर प्रखंड के कई हिस्सों में बीते गुरूवार की शाम बारिश के साथ ओलावृष्टि भी हुई थी जिधर भी नजरें जाती थीं लग रहा था सफेद चादर बिछी हुई है धरती पर। जिस वक्त ओलावृष्टि हो रही थी एक तरफ़ इस नजारा को देख कर बच्चें खुशी से उछल रहे थे वही किसान बेबस होकर अपनी खून पसीने से सींची हुई फसल को बर्बाद होते देख रहे थे। बेमौसम बारिश और ओलावृष्टि से किसानों को बहुत बडी नुकसान उठानी पड़ी। सभी किसान मुक. दर्शक बनकर अपनी फसल को बर्बाद होते देख रहे थे और प्रकृति के आगे खुद को बेबस और बेसहाय महसूस कर रहे थे। गिरिडीह सदर प्रखंड स्थित खावा पंचायत के पथलानावाडीह सिकदारडीह पंचायत के राजपुरा पि. डाटांड पंचायत के मगहिया टोला, बकोईया के कई किसानों के फसल को तहस नहस कर दिया ओलावृष्टि ने। पथलानावाडीह निवासी मुन्नी देवी ने बताया कि उसने ब्याज पर कर्ज लेकर मिर्ची, टमाटर, बैगन,मटर और पता गा. भी का फसल लगाई थी जब फसल फल देने लायक हुआ तो ओलावृष्टि के कारण फसल नष्ट हो गई। वहीं सदर प्रखंड के कई गांवों के किसानो की फसल ओलावृष्टि की भेंट चढ़ गया। सभी पीड़ित किसान सरकार से मुआवजे की आस लगाए बैठे हैं। पीड़ित किसानों में भोला वर्मा, मनोज वर्मा, शंकर वर्मा, भरत वर्मा अमरेंद्र महतो, यमुना महतो, नकुल महतो, लखन वर्मा, लालजीत महतो आदि शामिल हैं।

## 13 मार्च को साहू समाज का होली मिलन समारोह

**अपेम लाइव : चौपारण**
**किशोर राणा**



अखिल भारतीय तैलिक साहु महासभा की बैठक साहु भवन चौपारण में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता अनुमंडलीय अध्यक्ष सीताराम साहु ने की इस बैठक में आगामी होली मिलन समारोह विधानसभा स्तर पर 13. 03.22. को सिघरावां में कराने पर सहमति बनी। इस बैठक में प्रो बद्री साव, पूर्व मुखिया भैरों साव, चेतलाल प्रसाद साहु, महामंत्री बालेश्वर साव, प्रखंड अध्यक्ष मदन साव, युवा अध्यक्ष राजेश साव, उपाध्यक्ष बीरबल साव मीडिया प्रभारी मुनेश्वर गुप्ता, गोविन्द साव दीपक गुप्ता ,पत्रकार रा. जदेव गुप्ता, विकास गुप्ता ,युवा प्रखंड अध्यक्ष आशीष कुमार गुप्ता, अनुज साव ,नरेश साव, सिकंदर साव समेत दर्जनों समाजसेवी उपस्थित हुए।

## शनिवार को किया गया बी एल ओ की बैठक में बी डी ओ ने कहा

### किसी भी मतदाता का मतदाता सूची से नाम न हटे

**अपेम लाइव : कान्हाचट्टी**
**प्रमोद कुमार सिंह,**



शनिवार को प्रखंड कार्यालय के सभाकक्ष में प्रखंड के सभी पंचायतों के सभी बूथों पर उप. स्थित बीएलओ की बैठक की गई। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड विकास पदाधिकारी हुलास महतो ने की,श्री महतो ने उप. स्थित सभी बूथों के बीएलओ को निर्देश दिया कि आगामी अप्रैल–मई में होने वाले त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव को लेकर सरकार गंभीर है। और वैसी परिस्थिति में सभी बीएलओ की जिम्मेवारी बनती है कि किसी भी परिस्थिति में 18 वर्ष से ऊपर के किसी भी व्यक्ति का नाम मतदाता सूची से ना छूटे। उन्होंने आगे कहा कि एक एक व्यक्ति की जांच करते हुए उनका नाम मतदाता सूची से जोड़ें । सबसे ज्यादा जो नए मतदाता हैं उन पर विशेष ध्यान देने की जरूरत है ,श्री महतो ने कहा कि बीएलओ की ही जिम्मेदारी है की वह किसी भी परिस्थिति में जिस बुथ में जिनका नाम है उनका नाम हटे नहीं, वहीं उन्होंने नए मतदाताओं के नाम जोड़ने एवं मृत मतदाताओं के नाम वोटर लिस्ट से डिलीट करने का भी निर्देश दिया,उन्होंने आगे कहा कि जल्द से जल्द पंचायत चुनाव होने की संभावना है ऐसी स्थिति में सभी बीएलओ अपने–अपने बूथों एवं बूथों के गांव में रहने वाले मतदाताओं को एक बार गहराई से जांच कर ले ।मौके पर प्रखंड के सभी बीएलओ मौजूद थे।

APEM
LIVE

## शिविक एक्शन के तहत सी आर पी एफ 190 बटालियन ने लगाया शिविर

### नक्सली एवं अफीम माफिया तथा पोस्ता की खेती से रहें दूर : ए के राय

**अपेम लाइव : कान्हाचट्टी**
**प्रमोद कुमार सिंह,**



राजपुर थाना क्षेत्र के अतिग्रवाद प्रभावित गांव डुमरिया,विद्यालय के समीप सी आर पी एफ 190 बटालियन एफ कम्पनी ने शनिवार को शिविर लगाकर शिविक एक्शन प्रोग्राम के तहत ग्रामीणों के बीच जरूरत की सामानों का वितरण किया गया।इस शि. विर में नक्सल प्रभावित गांव कोटाप, डुमरिया,रमखोता,हेमरा लुटुदाग,लूटा आदि गांवों के सैकड़ो ग्रामीण उपस्थित हुए।उपस्थित ग्रामीणों के बीच रेडियो,बर्तन,थर्मस बोतल,कम्बल,साड़ी एवं सोलर लाइट एवं स्कूली बच्चों के बीच पाठ्य सामग्री बैग वाटर बोतल आदि का वितरण किया गया।वितरण में सबसे ज्यादा बच्चे खुश थे।190 बटालियन के एफ कम्पनी के सहायक कमांडेंट अनिल कुमार राय ने कहा कि राजपुर थाना क्षेत्र के अति नक्सल प्रभावित इन गांवों के लोगो के पास न्यूज समाचार या देश विदेश में घटने वाली अन्य घटनाओं की जानकारी नही मिल पाती है जिसका मुख्य कारण है क्षेत्र के लोगो के पास संचार के संसाधनों की कमी है जिसके कारण इनके बीच रेडियो दिया गया ताकि देश विदेश मे घटने वाली घटना की जानकारी इन्हें मिल सके।वही क्षेत्र के बच्चो को जागरूक करने के लिए उन्हें पाठ्य सामग्री दिया गया है ताकि वे शिक्षित होकर गलत रास्ते पर न चलें।उन्होंने उप. स्थित ग्रामीणों को कहा की नक्सली और पोस्ता दोनो ही समाज के लिए खतरा है इसलिए इन दोनों से बचने की जरूरत है। नक्सलियों द्वारा बिछाए गए बम के शिकार हुए युवक की सी आर पी एफ ने ली सुद्ध : दो वर्ष पूर्व डुमरिया निवासी गोवर्धन सिंह भोक्ता नक्सलियों के द्वारा पुलिस को नुकशान देने के ख्याल से बिछाए गए बम के चपेट में आने के बाद बुरी तरह से घायल हो गया था।जिसे जिला प्रशासन आज तक सुद्ध नहीं ली थी को शिविक एक्शन प्रोग्राम के दिन सी आर पी एफ ने उस बम से पीड़ित विकलांग युवक की सुध ली और उसे जरूरत की समान भी उपलब्ध करवाए।गोवर्धन को कम्बल,लाइट,बर्तन,बैग आदि देकर सम्मानित भी किया गया।सहायक अभियंता ने कहा कि ग्रामीण किसी भी स्थिति में नकालियो को पनाह नहीं दें नहीं तो गोवर्धन जैसे कई लोग उनके बम का शिकार हो सकते हैं।यदी नक्सली गड़बड़ करने की कोशिश करें तो तुरन्त पुलिस को इसकी सूचना दें। मौके पर सी आर पी एफ के इंस्पेक्टर संजीत कुमार,बिपुल कुमार,पंचायत के मुखिया देवंती देवी,बैजनाथ सिंह भोक्ता, भी उपस्थित थे।



## बी डी ओ और बी पी ओ ने किया मनरेगा योजनाओं को जांच

### कनीय अभियंता एवं रोजगार सेवक को दिए कई बिंदुओं पर निर्देश

**अपेम लाइव : कान्हाचट्टी**
**प्रमोद कुमार सिंह,**




शनिवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी हुलास महतो एवं बीपीओ निरंजन कुमार सिंह ने तुलबुल पंचायत में संचा. लित मनरेगा योजनाओं की विभिन्न योजनाओं की निरीक्षण किया ।निरीक्षण के क्रम में श्री महतो ने कार्य स्थल पर उपस्थित मजदूरों की ज०ब कार्ड एवं मजदूरों के लिए कार्यस्थल पर पानी एवं दवा की जांच किया। जांच के क्रम में उन्होंने कहा कि कनीय अभियंता एवं रोजगार सेवक तथा पंचायत सेवक कार्य कर रहे मजदूरों का ससमय मजदूरी भुगतान कराएं तथा उन्होंने कहा कि ज्यादा से ज्यादा मनरेगा के रजिस्टर्ड मजदूरों का रोजगार उपलब्ध कराना जिला प्रशासन का एक अहम जिम्मेवारी भी है। उन्होंने रोजगार सेवक एवं कनीय अभियंता को कहा कि किसी भी परिस्थिति में मनरेगा मजदूरों के पलायन ना हो। मनरेगा से ज्यादा से ज्यादा कार्य उपलब्ध कराया जाए ताकि मनरेगा के मज. दूरों को समय समय पर काम मिले। वही प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी निरंजन सिंह ने कहा कि प्रखंड में मनरेगा के तहत डोभा तालाब दीदी बाड़ी योजना बकरी शेड गाय सेठ एवं अन्य तरह की कल्याणकारी योजनाएं चलाई जा रही है।

